I would like to know fram hon. Minister whether the Government has received the views of the Tamil Nadu Government on these proposals made by the Central Government. In Tamil Nadu we, both Drvidian Parties and Congress Party, stood together always in supporting the Backward Classes. The Tamil Nadu Government wanted to make reservation in educational institutions also. I would like to know whether the Government is going to consider that suggestion or not. Most of the educational institutions come under the State Government. There is no difficulty. Only few institutions are run by the Central Government. There is no difficulty for the Government of India in implementing reservation for the education purpose also. Without preparing the Backward Classes students for jobs there is no use in reserving jobs in the Central Government sector alone. I would like to know from the hon. Minister whether in deciding the backwardness, the rural backwardness criterion will be taken into account by the Government. Otherwise, most of these Backward Classes people and the Harijan people who live in rural areas will not be benefited by these reservations. So, I request the Government to take into account the rural backwardness while fixing the criterion. Now, there are two lists—Backward Classes list prepared by the State Government and the Backward Classes list recommended by the Mandal Commission and accepted by the Central Government. I would like to know which of these lists the Central Government is going to take into account. I would request the Government of India to accept the State Government list which is being implemented in various States, ruled by the Dravidian Party and the Congress Party. In various States we have got separate lists. That must be taken into account while deciding the Backward Classes list for implementing this reservation by the Central Government. Two lists will create problems before the courts. Lastly, I would like to know whethe the economic criterion will be easily implementable. I would like to know how you ae going to implement the 10 per cent reservation for the economically backward class because the Constitution speaks of only socially and educationally backward flasses. I would like to know whether the Government is going to amend the Consitution to provide his 10 per cent reservation for the economically backward class which does not come under "socially and educationally backward classes." That means you are going to reserve 10 per cent only for the economically backward class in the forward classes. I would like to know whether it is possible and whether the Government is going to take into account a constitutional amendment for this purpose. I would like to remind the Minister again whether the Central Government has taken into consideration the views of the Tamil Nadu Government forwarded by our revered Chief Minister to the Prime Minister recently.

6.00 P.M.

श्री अजीत जोगी : उपसभाध्यक्ष जी सर्वप्रथम तो मैं आपके माध्यम से माननीय कल्याण मंत्री जी को उनकी उस प्रतिबद्धता के लिए जिसे श्री रेड्डी ने विपक्ष में बैठते हुए भी रेखांकित किया और उनके द्वारा हमारी पार्टी की प्रतिबद्धता और उससे ऊपर उठकर हमारी पार्टी के नेता श्री नरसिंह राव जी की प्रतिबद्धता इस बारे में जो है उसके लिए मैं साधुवाद देता हूं और आपके माध्यम से चन्द प्रश्न पूछना चाहता हूं ।

सर्वप्रथम मैं यह जानना चाहूंगा कि पिछड़ी जातियों का वर्गीकरण समय-समय पर किया गया—1953 के कमीशन ने 2399 जातियों को पिछड़ी जाति माना उसके बाद मंडल कमीशन जो 1978 में स्थापित हुआ उसने 3000 से ज्यादा जातियों को पिछड़ी जाति माना इसके साथ ही विभिन्न राज्यों में समय-समय पर कमीशन बने उन्होंने अपने-अपने राज्यों में अलग-अलग जातियों को पिछड़ी जाति

माना । तो मैं आपके माध्यमस्प माननीय मंत्री महोदय से यह जानना चाहूंगा कि यह जो विभिन्न सूचियां बनी हैं उनमें जो अंतर है फर्क है उसका हम किस तरह से समाधान करने वाले हैं? पिछली सरकार ने यह फैसला किया था कि प्रारम्भ में ऐसी जातियां, जो मंडल कमीशन की रिपोर्ट में और राज्य सरकारों की रिपोर्ट में एक ही है, कामन हैं, उनको ही इसका लाभ दिया जाएगा । इसलिए मैं जानना चाहता हूं कि क्या वर्तमान सरकार ने इस दिशा में कोई फैसला किया है कि समय-समय पर जो अलग-अलग अभिज्ञापित हुई हैं जातियां; उनमें से कौन सी जातियों को इस सुविधा का लाभ देने वाले है?

दूसरा प्रश्न मैं माननीय मंत्री महोदय से यह जानना चाहूंगा कि हमारे सामने दूसरे प्रदेशों में, राष्ट्र के स्तर पर तो नहीं कर प्रदेश के स्तर पर, समय-समय पर अलग-अलग पिछड़ी जातियों को सुविधा देने के समीकरण बने । बिहार में कर्पूरी ठाकुर ने 12 प्रतिशत और 8 प्रतिशत की अधिक पिछड़ी और पिछड़ी जातियों को सुविधा देने की बात की । हमारे माननीय सदस्य श्री राम नरेश यादव ने उत्तर प्रदेश में लगभग 15 प्रतिशत लोगों को यह सुविधा देने की बात की थी । मध्य प्रदेश में सन् 1982 से यह सुविधा लागू... (**व्यवधान**)...

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : जनता पार्टी के मुख्य मंत्री थे ।

श्री अजीत जोगी : आज तो हमारे हैं वह ।

श्री संघ प्रिय गौतम : जिसमें हम भी शामिल है ।

श्री अजीत जोगी : जिसमें गौतम जी भी शामिल मैं, मालवीय जी भी शामिल थे और उत्तर भारत में हीं मध्य प्रदेश में सन् 1982 में महाजन कमीशन की रिपोर्ट के आधार पर रिपोर्ट बनी, तत्कालीन मुख्य मंत्री श्री अर्जुन सिंह जी ने उसको स्वीकार और तब से वह वहां पर लागू है । दक्षिण भारत में तो इसका प्रयोग बहुत पहले से प्रारम्भ हुआ और यह चलती रही, उत्तर भारत में भी हमारे सामने यह दो-तीन उदाहरण हैं जबकि इसको लागू किया गया और कोई भी सामाजिक तनाव उत्पन्न नहीं हुआ । तो मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री महोदय से यह जानना चाहूंगा कि क्या केन्द्रीय सरकार की ओर से यह जो विभिन्न उत्तर भारत के राज्यों की सरकारों का अनुभव है उसका अध्ययन किया गया है और यदि किया गया है तो यह जो अलग-अलग मॉडल हमारे सामने हैं—कर्पूरी ठाकुर मॉडल, महाजन कमीशन मॉडल, राम नरेश यादव मॉडल—इनमें से किसको वह अभी उपयुक्त मानते हैं?

श्री संघ प्रिय गौतम : कल्याण सिंह मॉडल ।

श्री अजीत जोगी : कल्याण सिंह जी का अभी कोई मॉडल नहीं बना ।

उपसभाध्यक्ष (श्री हेच० हनुमनतप्पा) : मॉडल नहीं आया । कापी किया, मॉडल नहीं आया ।

श्री अजीत जोगी : तीसरा प्रश्न आपके माध्यम से मैं मंत्री महोदय से यह जानना चाहूंगा कि एक बहुत बड़ा शक, संदेह, आशंका हम सबके मन में है कि जबकि बाबा साहब ने वर्ष 1950 से ही अनुसूचित जाति, जनजाति के लिए यह सुविधा दी थी, पर आज तक उस सुविधा का लाभ इन वर्गों को नहीं मिल पाया, क्या यह सुविधा हम पिछड़े वर्गों को देंगे और उनका भी भविष्य वैसा ही होगा जो अनुसूचित जाति, जनजाति के लोगों का हुआ है? इसलिए जब हम यह सुविधा देने पर विचार कर रहे हैं तो उसके साथ ही साथ हम एक कोई सार्वभौमिक, सत्ता-सम्पन्न, कांस्टीट्यूशनल, स्टेच्युटरी ऐसी कोई अथारिटी या कमीशन बनाएंगे जो इन अनुशंसाओं को, इन सिफारिशों को सही लागू किया जा रहा है या नहीं, इस पर लगातार ध्यान रखेगा?

चौथा प्रश्न मैं यह पूछना चाहूंगा... (**व्यवधान**)

उपसभाध्यक्ष (श्री हेच० हनुमनतप्पा) : आखिरी ।

श्री अजीत जोगी : कि यदि आर्थिक आधार लगाए जाने की बात हो रही है विद इन दि बेकवर्ड क्लास, जिसको सब मानते हैं कि अच्छा है, क्योंकि देश की लगभग 50 प्रतिशत से ज्यादा जनसंख्या इन पिछड़ी जातियों की है जिस देश में अगर 43–44 करोड़ लोग इस जाति के बनते हैं और उन सबको लाभ दिया जाएगा' तो उसमें जो ज्यादा समृद्ध हैं, वह ही केवल लाभ ले लेंगे । तो यदि उनके बीच में ही आर्थिक आधार लगाया जा रहा है तो इधर-उधर की बात न कर के जो "क्रिमी दी पावर्टी लाईन" का एक नोर्म हमने एक्सेप्ट किया हुआ है, क्या उसको इसमें लागू किया जाएगा ? पांचवीं बात मैं आपके माध्यम से... (**व्यवधान**)

उपसभाध्यक्ष (श्री हेच. हनुमनतप्पा) : बस ।

श्री अजीत जोगी : मैं केवल प्रश्न पूछ रहा हू, भाषण नहीं दे रहा हू । इसलिए कृपया एक मिनट का समय और दें । पांचवीं बात मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूं, वह यह है कि जैसा पहले का अनुभव बताता है, जब भी हम इसको लागू करेंगे तो प्रचार-प्रसार की तरफ बहुत अधिक ध्यान देना पड़ेगा, अन्यथा इसका कुप्रचार और दुष्प्रचार होगा और पूरी योजना को लागू नहीं होने दिया जाएगा, जैसे पहले हो चुका है । इसका प्रचार-प्रसार सही परिवेश में हो, तो क्या इसके लिए भी कोई योजना हमने साथ ही साथ बनाई हुई है ?

अन्त में, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से यह भी जानना चाहूंगा कि लगभग एक वर्ष से अधिक हो गया है जब से यह नई सरकार, जिसकी इस योजना के प्रति प्रतिबद्धता सब को मालूम है, जो इस योजना के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है, बयान में यह कहा गया है कि अब राजनीतिक पार्टियों से फिर से चर्चा की जाएगी । तो इस बीच में भी राजनीतिक पार्टियों के नेताओं से चर्चा हुई होगी । क्या चर्चा हुई, किस पार्टी का क्या रुख रहा और कौन सी ऐसी पार्टी है जो इसको लागू नहीं होने देना चाहती और इस परिवेश में इसको स्वीकार नहीं करने देना चाहती है ? धन्यवाद ।

SHRI B. V. ABDULLA KOYA (Kerala): Mr. Vice-Chairman, Sir, I strongly support the Mandal Commission's recommendations regarding reservations. But I would suggest some small corrections in the report. I don't know whether the critics have noted this mistake. In the report the Muslims in Kerala are divided into two classes by colling them, as Moplas. the people who reside in the erstwhile Malabar District and Metas, the people who reside in the Travancore District. More than half the people would be deprived of the reservation benefit if they are divided like this into Maparas and Mehtas. Therefore, I would ask the Minister whether he has noted down this anomaly. Another thing I would like to point out is the economic criterion of 10 per cent; whether you give 10 per cent or 12 per cent to the economically weaker sections we need not worry about it unless and until you give an assurance that these concessions would not be at expense of the real backward classes. Thank you.

श्री राम गोपाल यादव (उत्तर प्रदेश): महोदय, वैसे तो मेरा निश्चित मत है कि यह गवर्नमेंट मंडल आयोग की सिफारिश लागू नहीं करेगी । फिर भी मैं माननीय मंत्री जी से आपके माध्यम से यह पूछना चाहूंगा कि क्या अपने इस कार्यकाल के अन्त तक यह मण्डल आयोग की सिफारिशें लागू करने की सच्चे दिल से कोशिश करेंगे ?

श्री छोटूभाई पटेल (गुजरात) : सर, एक बात दोहराते हुए मैं जरूर कहना चाहूंगा कि हमारे समाज कल्याण मंत्री जी का समाज के विकास के बारे में, देश की

तरक्की के बारे में, देश को मजबत करने के बारे में दिल और दिमाग बहुत साफ है । मैं यह भी कहना चाहूंगा कि आदरणीय मंत्री जी रामराज्य इस देश में लाना चाहते हैं और जब तक उनके पास यह पोर्टफोलियो रहेगा तब तक मंडल कमीशन की सिफारिशों के कार्यान्वियन का काम होता रहेगा, मुझे इसके बारे में कोई शक नहीं है ।

आदरणीय मंत्री जी, मैं इस कमीशन के इतिहास और उससे संलग्न बातों में जाना नहीं चाहूंगा मगर आपने जो यहां मुद्दे रखे हैं, थे इसमें शीर्षक में कुछ ऐड करना चाहूंगा । आपने कहा है—"सोशली एड एजुकेशनली बैकवर्ड" । मैं इसमें एक शब्द ऐड करना चाहूंगा —"सोशली, एजुकेशनली एंड इकनॉमिकली बैकवर्ड" ।

सर, हमारे संविधान में कहा गया है कि इस देश में, समाज में अपार्चुनिटी की समानता होगी । आप भी चेयर पर बैठे हुए हैं । आप भी बहुत प्रतिबद्ध हैं समाज की तरक्की के बारे में और जो साऊथ स्टेट्स हैं उन्होंने तो मंडल आयोग की भावनाओं को पहले ही लागू कर दिया है और यह सरकार भी लागू करना चाहती है । यह अच्छी बात है मगर इसमें जो कस्ट्रेंट्स हैं, जो ऑप्सटेक्बल है इनको दूर करने के लिए हम बहुत ज्यादा चिंतित हैं । पहला तो है समय के बारे में । जब तक इसको हम नहीं करेंगे तब तक देश को मजबूत नहीं कर पाएगे । 50 प्रतिशत से ज्यादा लोग हमारे देश में एक कैटेगरी में आते हैं जो स्टेटमेंट में दिखाया गया है । इन लोगों के लिए इतने सालों तक हम इतजार करते रहे, पर ये लोग ज्यादा इंतजार करने वाले नहीं हैं । मैं आदरणीय मंत्री जी से कहना चाहूंगा की इसके बारे में हम चिंतित है, सारा देश चिंतित है मगर खुशी की बात है कि हमसे आप ज्यादा चिंतित हैं ।

मैं आपके माध्यम से आदरणीय मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि ये आर्थिक क्राईटीरिया जो है, इस आर्थिक क्राईटीरिया का जो बेस है, यह बेस हमें कुछ मालूम नहीं पड़ता । दूसरी बात यह है कि जो गरीब लोग हैं, चाहे वह एस.पी. या एस.टी. में आते हैं, चाहे पिछड़ी कैटेगरी में आते हैं, अगर सामाजिक जागृति उनके पास नहीं है तो उनकी आर्थिक दशा भी दयनीय होगी और वे पीछे रहेंगे । तो इस पिछड़ेपन दयनीय होगी और आर्थिक पिछड़ेपन को दूर करने के लिए आप क्या करने जा रहे हैं ।

सर, जितना आप प्रतिबद्ध हैं, जितना आप संलग्न हैं उतना ही हम भी सलग्न हैं । इस समय हम ज्यादा नहीं कह पाएंगे, जब मौका लगेगा तब हम काफी बात कहेंगे मगर जो भावनाएं रखी गई हैं उसके बारे में चंद बातें जरूर कहना चाहूंगा । जो दस प्रतिशत सिविल सर्विसेज की बात कही गई है, जब तक हम ज्यादा नहीं दे पाएंगे तब तक यह समस्या रहगी ही रहेगी क्योंकि कैपेसिटी उतनी नहीं होगी । जब तक हम शिक्षा का प्रावधान नहीं करेंगे तब तक ये शीट रहेगी ही रहेगी । सिविल सर्विसेज के बारे में जो ये बात कही गई है, मैं आदरणीय मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि पहली बात जो हम करें कि उनको जाग्रत किया जाए ताकि वह जगत में खड़े रह सकें ।

यह अहम बात आप भी जानते हैं, तो इसके बारे में सरकार क्या कर रही है ? . . . (**समय की घंटी**)

महोदय, मैं ज्यादा न कहकर इतना ही कहना चाहता हूं कि फॉम टर्मिनल प्वाइंट टू स्टार्टिंग प्वाइंट का सिस्टम आप नहीं अपनाएगे तब तक यह मामला हल होना कठिन है । आप जानते हैं कि जब नहर मे पानी आता है तो शुरू शुरू में जहां स्टार्टिंग प्वाइंट है वे लोग तो पानी ले लेते हैं, लेकिन टर्मिनल प्वाइंट पर जो रहते हैं उनको पानी नहीं मिलता है । तो टेल प्वाइट की बात आप सोचेंगे ? हमने पहले माइक्रो प्लानिंग किया था, फिर भी जिन लोगों को हम फायदा पहुचाना चाहते थ, सेंट्रल गवर्नमेंट ने गरीबों के लिए जो स्कीमें बनाई थीं, उनको उनका बैनिफिट नहीं मिल रहा है। इसलिए मैं कहना चाहूगा कि फाम टर्मिनल प्वाइंट टु स्टार्टिंग प्वाइंट आपको देखना होगा. . .

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): He is not even hearing the bell. (*Interrup-*

[Shri H. Hanumanthappa]

tions) . . . Hon. Members have forgotten the Bill including senior Members. What can I don? . . . . (*Interruptions*) If he is not coming to the point. what can I do? . . . (*Interruptions*) . . . I know that. still what to do?

श्री जगदीश प्रसाद माथुर (उत्तर प्रदेश): चलिए टॉलरेट करें।

उपसभाध्यक्ष (श्री हेच. हनुमनतप्पा) : जगदीश प्रसाद जी आप ऐसा करते हैं, बाद में कहते हैं टॉलरेट करें।. . .

श्री छोटूभाई पटेल : महोदया, मैं तो यही कह रहा हूं कि गरीबों को फायदा पहुचाने की जो भावना इस वक्तव्य में बताई गई है यह कार्यान्वित होगी, इसके बारे में मंत्री जी बताएं। मैं चाहूंगा कि हो सके तो जितनी जल्दी देश के पिछड़े लोगों की सहायता करके उनकी भावनाओं को बलवत करें, उतना ही अच्छा हो, यही मेरा आप से निवेदन है।

DR. YELAMANCHILI SIVAJI (Andhra Pradesh): Sir, the Statement may be with much of political wisdom but without any political will—lack of political will be implement the same. As some of the Members were mentioning, there is reservation. . . (*Interruptions*) . . .

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): Don't go to some of Members. You give your view.

DR. YELAMANCHILI SIVAJI: In Andhra Pradesh there is reservation for backward classes and it was incorparted long back, more than two decades ago when Mr. P. V. Narasimha Rao, the present Prime Minister, was among the Council of Ministers in the State. There is a twenty-five per cent reservation in Andhra Pradesh. Time and again, it was mentioned that economic criterion is yet to be decided. What is that economic criterion? What are the proposal from the State Governments received by the Central Government and at what stage of consideration are these proopsals? It appers that thee whose parental income is more than Rs. 1.000/- or so permonth. If one reads between the lines, and whose parents are in Government service, they may not enjoy the rtservation benefit, I would like to know from the Minister whether there are any such proposals under the consideration of the Government. Another aspect I would like to add is that very recently the Supreme Court came down heavily on the capitation fees for selecting students for admission into medical, engineering and dental colleges on the basis of capitation and the Government is sleeping over that. Some of the responsible Ministers of Andhra Pradesh are asserting time and again that they are going ahead with the capitation colleges. Our Union Government and Mr. Fotedar are not serious about the same and at the same time, the hon. Minister in the course of his statement wants to while away the time and he wants to take shelter under the Supreme Court. And, Sir, the Minister wants to take shelter behind the judgment of the Supreme Court. So, I would like to have the clarifications on these points I would also like to know from the Minister what the thinking of the Government is on the recent Supreme Court judgment on the capitation fees issue and also on the present question of economic criteria.

उपसभाध्यक्ष (श्री हेच० हनुमनतप्पा) मिनिस्टर साहब आप बोलिए।

श्रीमती सत्या बहिन (उत्तर प्रदेश) : मैं एक मिनट चाहती हूं।

उपसभाध्यक्ष (श्री हेच. हनुमनतप्पा): मैं मंत्री जी को बुला चुका हूं, आप बैठिये।

श्रीमती सत्या बहिन : मंत्री जी से निवेदन करना चाहती हूं कि एक मिनट का समय मुझे दे दें मैं सुझाव रखना चाहती हूं।

श्री सीताराम केसरी : ठीक है। बोल लीजिए।

श्रीमती सत्या बहिन: मैं उपसभाध्यक्ष जी आपको और मंत्री जी को धन्यवाद देती हूं कि आपने मुझे एक मिनट का समय दे दिया। आरक्षण की व्यवस्था लागू करना पूरे देश में दिल और दिमाग की बात है। पिछली सरकार ने जो आरक्षण की घोषणा की थी वह दिमाग से की थी। वह दिमाग से सोच समझ कर की थी कि वोटों का राजनीतिक लाभ मिलेगा। जहां तक कांग्रेस सरकार की बात है वह जो काम करती है वह दिल से करती है। उसके लागू होने में किसी तरह की कोई शंका नहीं होनी चाहिए।

श्री एस० जयपाल रेड्डी: इस सरकार तो दिमाग ही नहीं है यह सर्टीफिकेट मिल रहा है।

एक माननीय सदस्य: दिल तो है।

श्रीमती सत्या बहिन: कांग्रेस सरकार के पास दिल और दिमाग दोनों हैं। पहले दिल से काम शुरू करते हैं और फिर दिमाग से लागू करते हैं।

मैं मंत्री जी से केवल दो बातें पूछना चाहती हूं। एक तो यह कि आरक्षण के आर्थिक आधार की सीमा रेखा क्या होगी? क्या भूमि से इसको जोड़ा जायेगा या आमदनी से इसको जोड़ा जायेगा? दूसरे मेरा कहना यह है कि आरक्षण की व्यवस्था पूरी तरह से संवैधानिक व्यवस्था है और केन्द्रीय सरकार की नीति भी है। लेकिन जिस तरह से अनुसूचित जाति, जनजाति का जो आरक्षण है उसमें खासतौर से एक विसंगति है। इस संबंध में जब मंत्री महोदय की विभिन्न दलों से, मुख्य मंत्रियों से बात होगी तो उसमें क्या इस बात का ध्यान रखेंगे या नहीं रखेंगे कि अनुसूचित जाति, जनजाति का एक वर्ग किसी राज्य के आरक्षित वर्ग में आता है और वह वर्ग दूसरे राज्य में नहीं आता है, वह पिछड़े वर्ग में आता है और इस तरह से उसको वह सुविधा से वंचित कर दिया जाता है तो क्या एक ही नीति पूरे देश में लागू करने की कृपा की जायेगी? तीसरे यह है कि कुछ जजों ने आरक्षण व्यवस्था के खिलाफ टिप्पणी की है जबकि यह मामला सुप्रीम कोर्ट में है। तो क्या इस बात के लिए कोई आचारसंहिता बनाई जायेगी या उन जजों से यह कहा जायेगा कि वह आगे से कोई इस तरह की टिप्पणी न करें जिसको समाज में वातावरण खराब न हो?

इसके साथ ही मैं एक और छोटा सा प्रश्न पूछना चाहती हूं। हमारे भाई गौतम भारतीय जनता पार्टी के सरकार का स्तुतिगान कर रहे थे। वह जो कर रहे थे यह उनका अपना धर्म है। लेकिन मैं कल्याण मंत्री जी से पूछना चाहती हूं कि अभी विभिन्न राज्यों से जो रिपोर्ट आई है उस रिपोर्ट को देखने से स्पष्ट यह पता लगता है कि भाजपा की सरकारें जिस राज्य में हैं वहां पर एट्रोसिटीज की घटनाएं ज्यादा हुई हैं... (व्यवधान)

श्री शिवचरण सिंह (राजस्थान): आरक्षण से इस का क्या मतलब है। (व्यवधान)

श्रीमती सत्या बहिन: नीयत का सवाल है आरक्षण किस नीयत से लाग किया जाता है। (व्यवधान)

एक माननीय सदस्य: एट्रोसिटीज का सवाल कहां से आ गया? (व्यवधान)

श्रीमती सत्या बहिन: लोगों को भरोसा है... (व्यवधान)

SHRI SUKOMAL SEN, Sir, why do you allow it to degenerated? Some important issues are being discussed now ... (*Interruptions*) ...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): Mr. Sen, the debate is in the hands of the Members. If they want it to degenerate, how can we prevent it? In spite of ringing the bell, they go on... (*Interruptions*)...

SHRI SUKOMAL SEN: Today, you have unusually come to occupy the Chair ... (*Interruptions*) ...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): I am sorry, Mr. Sen. Some Members raises the medical education issue and somebody else raises the capitation fees question. What can we do? If the Members cannot confine themselves to the main issue, the Chair cannot dictate ... (*Interruptions*) ...

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR: You can ask them to sit down.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): Yes, I can ask. But Mr. Mathur does not yield! When it comes to others, Mr. Mathur wants the rule to be applied. But, when it comes to him, he wants exceptionss This is how every Member feels. Mrs. Satya Bahin, please conclude now.

श्रीमती सत्या बहिन: मंडल आयोग की जब घोषणा हुई तो उड़ीसा में बीजू पटनायक ने साफ कह दिया था कि हम अपने राज्य में लागू नहीं करेंगे। केन्द्र सरकार के शिक्षा मंत्री ने कह दिया था कि हम शिक्षण संस्थाओं में लागू नहीं करेंगे। तो मैं यह पूछना चाहती हूं कि क्या शिक्षण संस्थाओं में आरक्षण की व्यवस्था लागू होगी या नहीं होगी ?

SHRI PRAGADA KOTAIAH (Andhra Pradesh): Mr. Vice-Chairman. Sir, at the outset, I thank you for giving me an opportunity to speak on this.

Sir, in the State of Andhra Pradesh, reservations are there. There is a list of approved Backward Classes also. There is no difference between the list recommended by the Mandal Commission and the list already approved in Andhra Pradesh. I would like to suggest that the list adopted in Andhra Pradesh may be adopted by the Government of India also.

Sir, it is very difficut to identify the poorer sections among the Socially and Educationally Backward Classes. Today, he may be poor. and tomorrow he may be rich. Therefore, if we want to do social justice, we will have to divide the entire country into two categories—people holding jobs and people without jobs —because, even the Congress Party also, on several occasions, said that each family must have a job. The Government wants reservations for economically Backward Classes. But no mention has been made of that in the Constitution. As our friend from Tamil Nadu has stated. the Constitution will have to be amended to provide reservation to the economically Backward Classes. And it is also difficult to define 'economically backward classes'. Is it among the forward classes or is it among the Backward Classes? Or, is it among the SCs and STs also? If we want to define 'poorer sections' among the Backward Classes, why not the poorer sections be defined among the SCs and STs also? Is it possible for the Government? Therefore, if at all the Government wants to do social justice in this country, let the people be divided into two categories—"have's" and "have-nots". And provide adequate reservations for the "have-nots". Then only we will have social justice.

Thank you, Sir.

श्री सीताराम केसरी: मान्यवर, हम सभी माननीय सदस्यों के प्रति आभार प्रकट करते हैं जिन्होंने आज के वक्तव्य पर अपने कुछ क्लेरिफिकेशन्स, मुझसे कुछ सफाई मांगी है। मालवीय जी ने यह प्रश्न किया कि आप इकनोमिक क्राइटेरिया, आर्थिक आधार को कब करने वाले है। हम प्रारम्भ में ही कह चुके हैं और इस संबंध में इतना ही कहना चाहते हैं कि 29-9-91 को प्रधान मंत्री जी ने सभी मुख्य मंत्रियों को पत्र लिखा। चूंकि जिस समय 13 अगस्त, 1990 का जो इनका जो०एम० पेश था सुप्रीम कोर्ट में उसको 1991 के 25 सितम्बर को अपने घोषणा पत्र

के अनुसार, आर्थिक आधार के अनुसार, बनाकर आम सहमति सभी दलों से लेने के बाद 25 सितम्बर, 1991 को यह पेश हुआ। उसके तत्काल ही हम लोगों ने इकनोमिक क्राइटेरिया, आर्थिक आधार का निर्णय लेने का फैसला किया और इस तरह से मैं आपको बता देना चाहता हूं कि एक ऐसी स्टेज में हम लोगों ने जितनी जल्दी हो सके, सुप्रीम कोर्ट में पेश करने की कोशिश की। पहली बार प्रधान मंत्री जी ने 29-10-91 को यह पत्र लिखा। उसके बाद जवाब नहीं आया तो 24-12-91 को फिर पत्र लिखा गया प्रधान मंत्री जी द्वारा चीफ मिनिस्टर्स को, गवर्नर्स को और लेफ्टि० गवर्नर्स को। फिर रिमाइंडर कैबिनेट सेक्रेटरी के द्वारा 3 जनवरी, 1992 को गया। फिर रिमाइंडर हमारी तरफ से 13-1-92 को गया। फिर रिमाइंडर कैबिनेट सेक्रेटरी के टेलेक्स द्वारा 20-1-92 को गया। ...(व्यवधान)... मेरी बात सुनिये। आपकी सारी बातें सुनने के बाद पहले मैं यह कह देना चाहता हूं--टेलीफोनिक रिमाइंडर भी हमने दिया। यह आरोप गलत है कि हम किसी तरह भी विलम्ब करना चाहते है। जहां तक सरकार की प्रतिबद्धता का प्रश्न है, आप देखेंगे कि आरक्षण के संबंध में जब से कांग्रेस सत्ता में आयी है या इसके पूर्व इसके प्रति उसकी प्रतिबद्धता कभी कम नहीं हुई। मैं आपको यह भी कहना चाहता हूं कि पंडित जवाहर लाल नेहरू ने कांस्टिट्युएंट असेंबली मे 13 दिसम्बर को अपने भाषण में साफ कहा था कि :

> "आज, इस संविधान सभा में, निश्चित रूप में वांछनीय होगा कि हम अपने लिये, उन लोगों के लिये जिनकी निगाहें इस संविधान निर्मात्री सभा की ओर लगी हुई हैं, उन करोड़ों देशवासियों के लिये जो हमारी तरफ टकटकी लगाये बैठे है, समस्त विश्व के लिये अपना दिशा-निर्देश करें कि हम क्या करने जा रहे हैं, हमारा लक्ष्य क्या है, हम किस मार्ग की ओर उन्मुख हैं। इसी उद्देश्य को लेकर मैंने यह संकल्प इस सभा में रखा है। यह संकल्प है परन्तु यह मेरे लिये यह संकल्प से भी महत्वता की वस्तु है।"

13 तारीख को उन्होंने पिछ ड़ेवर्गों के संबंध में कहा कि :

> "समान अवसर ही नहीं बल्कि कुछ विशेष अवसर भी पिछड़े वर्ग के लोगों को मिलने चाहिये ताकि उनकी शैक्षिक, आर्थिक और सांस्कृतिक उन्नति हो सके और वे उन लोगों के साथ चल सकें जो उनसे आगे निकल गये हैं। इस तरह की कोई भी कोशिश करने से भारत के सब लोगों को अवसर मिलेगा, फलस्वरूप एक महान शक्ति का अभ्युदय होगा, जिससे राष्ट्र का कायाकल्प हो जायेगा"।

इसलिये यह कहना कि पंडित जी के टाइम में, 1952 में या कभी भी, अगर यह बात न होती तो 1953 में काका कालेलकर कमीशन बिठाने की आवश्यकता न होती। कांग्रेस के दिमाग में निरन्तर यह रहा है कि निर्बल, पिछड़े, अनुसूचित जाति और जनजातियों या अल्पसंख्यक इस सभी के प्रति कांग्रेस की प्रतिबद्धता रही है, कटिबद्ध रही है और निरन्तर उसके सोच में यह बात रही है कि इनको विशेष व्यवहार, विशेष केयर देने की आवश्यकता है। इसलिये यह आरोप कि कांग्रेस कभी भी आरक्षण के पक्ष में नहीं है, यह गलत है।

दूसरी बात, आप देखेंगे कि 1952 में या इससे पूर्व अनेक सरकार, जो प्रदेश सरकारें, बनीं, इनमें कांग्रेस की सरकारें करीब करीब सभी जगह थी उन सभी प्रादेशिक सरकारों में आरक्षण लागू हुआ। चाहे कर्नाटक हो, चाहे तमिलनाडु हो, चाहे महाराष्ट्र हो, चाहे मध्य प्रदेश हो, बिहार में भी आप देखेंगे कि स्कालरशिप के आधार पर वहां आरक्षण हुआ, दूसरे ढंग से। सारे देश में अपने अपने ढंग से आरक्षण हुआ और विशेष प्रदेशों में विशेष प्रकार से आरक्षण दिया गया। केरल में भी और सभी प्रदेशों में दिया। इसलिये यह आरोप निराधार

(श्री सीताराम केसरी)

है और इसके पीछे कोई तथ्य नहीं है।

तीसरी बात मैं आपसे कहना चाहता हूं कि आपने एक बात कही है कारपोरेशन की। मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बता देना चाहता हूं कि नेशनल बैकवर्ड फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कारपोरेशन 13-1-92 को रजिस्टर्ड हुआ है और 25 करोड़ रुपया उसको मिला है, ड्यूरिंग 1991-92 और फरदर 25 करोड़ मिला है 1992-93 में और 200 करोड़ रुपया अथोराइज्ड कैपिटल उसको प्राप्त हुई है। आपने कहा देखिये कोई भी कारपोरेशन जिसका निर्णय हमने लिया, इसके पूर्व, देखिये मेरी आदत है और मैं यह कभी नहीं चाहता हूं कि किसी पूर्ववर्ती सरकार पर किसी बात को लेकर आरोप लगाया जाय और हम अपनी आत्मश्लाघा की बात करें। मैं इस बात पर विश्वास करता हूं कि अगर कोई समस्या या किसी मामले का समाधान नहीं हो सका है तो मुझे अपनी शक्ति, अपनी अक्ल और अपनी बुद्धि के आधार पर उसका समाधान करना चाहिए।

आप देखिये, डवलपमेंट कारपोरेशन बना, जनवरी में उसका रजिस्ट्रेशन हुआ, उसके कांस्टीट्यूशन का प्रोसेस है, यह शीघ्रातिशीघ्र बन कर रहेगा। इतना मैं आपसे कहना चाहता हूं (**व्यवधान**)

SHRI S. JAIPAL REDDY: How much money was spent?

SHRI SITARAM KESRI: Not a single farthing. That is right.

आपने कहा कि बना ही नहीं। आपने कहा कि बजट से रुपया नहीं मिला। इसका मैं उत्तर दे रहा हूं। 200 करोड़ रुपये का अथोराइज्ड कैपिटल है। (**व्यवधान**) देखिये 25 करोड़ (**व्यवधान**)

SHRI S. JAIPAL REDDY: If the hon. Minister does not mind, when you do not know who are the Other Backward Classes, what is the point in setting up a Corporation because you will not be able to spend a pie on it?

श्री सीताराम केसरी: मैं उसका भी जवाब आपको दे रहा हूं। चिन्ता मत कीजिये।

SHRI SANGH PRIYA GAUTAM: I think it is not controversiay. The list is already there. In every State, the list of Backward Classes is already there.

श्री सीताराम केसरी: अब मैं आपसे कह रहा हूं (**व्यवधान**)

श्री शिव चरण सिंह: 1952 में नेहरू जी ने कहा अब यहां चर्चा होने लगी है, (**व्यवधान**) अब 40 साल बाद 1952 के बाद बैकवर्ड क्लासेज की चर्चा होने लगी है (**व्यवधान**)

श्री सीताराम केसरी: देखिये, मैं एक चीज आपसे कहता हूं। 52 साल के बाद आज आप सभा में इतनी तेज आवाज में बोल रहे है। यह आवाज कांग्रेस ने आपको दी (**व्यवधान**) चाहे जो आप कह लीजिये, आप जितना आरोप लगा लीजिये, यह वाणी गांधी जी ने दी, यह वाणी जवाहर लाल जी ने दी। इस वाणी का और हिन्दुस्तान में जनतंत्र और आज़ादी लाने का श्रेय कांग्रेस को है (**व्यवधान**)

श्री जगदीश प्रसाद माथुर: इमरजेंसी लगाना, तानाशाही लाने और लोकतंत्र को खत्म करने का प्रयत्न कांग्रेस ने किया (**व्यवधान**)

श्री सीताराम केसरी: माथुर साहब देखिये (**व्यवधान**)

श्री जगदीश प्रसाद माथुर: जब आपने तानाशाही की तो जनता ने आपको उखाड़ कर फेंक दिया (**व्यवधान**)

श्री सीताराम केसरी: मेरी बात सुनिए। भारतीय जनता पार्टी का जन्म हुआ और कांग्रेसवादी जनता दल के साथ। आपका अपना कोई अस्तित्व इस देश में नहीं है। अगर आप इनके साथ नहीं आये तो चुनाव जीत कर नहीं आ सकते (**व्यवधान**)

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : माफ कीजिए, आपको यह गलतफहमी है । (**व्यवधान**)

श्री सीताराम केसरी : अभी आपने और जनता दल ने मिल कर राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार खड़ा किया, तब आपको वोट मिला । (**व्यवधान**) यह मैं आपको कह देता हूं (**व्यवधान**) हमें आप मत छोड़िए ।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : आपकी हालत तो यह है कि अपना दमखम बढ़ाने के लिए जनता दल को तोड़ रहे हैं। पैसे के बलबूते पर यह कर रहे हैं (**व्यवधान**) यह आपकी ताकत है (**व्यवधान**)

श्री अजीत जोगी : आजादी के पहले तो इनका पता नहीं था (**व्यवधान**)

श्री लाखीराम अग्रवाल (मध्य प्रदेश) : आप तो नौकरशाह थे (**व्यवधान**)

श्रीमती सत्या बहिन : आप तो अंग्रेजों के साथ थे । (**व्यवधान**)

उपसभाध्यक्ष (श्री हेच० हनुमनतप्पा): सत्या बहिन जी आप बैठिए (**व्यवधान**)

श्री कैलाश नारायण सारंग (मध्य प्रदेश) : जब आपको बात समझ में नहीं आती तो मत बोला करें । (**व्यवधान**)

श्री सीताराम केसरी : 13 स्टेटों में लिस्टें अभी बन पाई हैं । एक चीज में और बताना चाहता हूं । आपने कहा कि मंडल आयोग का नाम नहीं है । मंडल आयोग के आधार पर सारी चीजें हो रही हैं । एक बात और मैं कहना चाहता हूं मिस्टर जयपाल रेड्डी जी, जिस दिन इस जगह से वी० पी० सिंह जी ने घोषणा की थी, आपको याद होगा मैं वहां बैठा हुआ था, मैंने उसी दिन कहा कि हमारा काल है, आपकी राजनीति है । आरक्षण हमारा काल है, हम कर के रहेंगे । आपने पूछा कि विलम्ब क्यों तो मैंने बता दिया कि विलम्ब का क्या कारण है । इसलिए मैं आपसे फिर कहना चाहता हूं ।

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल (उत्तर प्रदेश) : आपका काल तो माइनारिटीज के लिए भी बहुत कुछ था । 15 सूत्री प्रोग्राम को जरा आप चैक करिए । आपने एक साल में एक मीटिंग भी नहीं की, यह इंतेहाई शर्म की बात है ।

†شری محمد افضل (یو پی) : افضل آپکا کال تو مائناریٹیز کے لئے بھی بہت کچھ تھا۔ 15 نکاتی پروگرام ذرا آپ چیک کیجئے۔ آپ نے ایک سال میں ایک میٹنگ بھی نہیں کی۔ یہ انتہائی شرم کی بات ہے۔

He is the only Prime Minister in the country who, for the last one year, did not take up the cause of the minorities in the country.

इलावा बाबरी मस्जिद और राम जन्म भूमि के और क्या काम कर रहें हैं ? (**व्यवधान**)

†علاوہ بابری مسجد اور رام جنم بھومی کے اور کیا کام کر رہے ہیں ... مداخلت...

श्री अजीत जोगी : यह तो विषयांतर हो रहा है (**व्यवधान**)

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल : यह भी विषय है । (**व्यवधान**)

†بھی دیکھئے ہے ... مداخلت ...

شری محمد افضل (یو پی) : یہ

उपसभाध्यक्ष (श्री हेच० हनुमनतप्पा) : आप बैठिए । (**व्यवधान**)

†[ ] Transliteration in Arabic Script.

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ **मीम अफजल** : मीटिंग हर दो महीने बाद होती है माइनारीज के ऊपर (**व्यवधान**)

شری محمد افضل عرف م۔ افضل ۔
میٹنگ ہر دو مہینہ بعد ہوتی ہے مائناریز
کے اوپر ۔ ۔ ۔

माइनारिटीज के ऊपर 15 नुकाती प्रोग्राम को रिव्यू करने के लिए . . (**व्यवधान**) गुजरे एक साल मे प्राइम मिनिस्टर ने कभी मीटिंग बुलाई . . . (**व्यवधान**)

شری محمد افضل عرف م۔ افضل مائناریز
کے اوپر پندرہ نکاتی پروگرام کو ریویو کرنے
کے لئے . . . مداخلت . . . گزرے ایک
سال میں پرائم منسٹر نے کبھی میٹنگ
بلائی . . . مداخلت . . .

उपसभाध्यक्ष (**श्री हेच० हनुमनतप्पा**) : अफजल भाई, आप इधर बैठ करके टीका टिप्पणी करते थे, अब आप बिना कोई इजाजत लिए . . . (**व्यवधान**)

श्री सीताराम केसरी : देखिए, एक चीज मैं कहना चाहता हूं यद्यपि विषयांतर आप हो गए हैं, और दूसरे उसूल पर आ गए हैं । हम कुछ विशेष आप से इन बातों से कन्टेस्ट नहीं करेंगे भावना आपकी जो बनी हुई है मैं समझता हूं कि उसके ऊपर कोई तथ्य नहीं है । आप गम्भीरता से सोचिए । सोचने की जरूरत है, आपस में टकराने की आवश्यकता नहीं है इन मुद्दों पर, देखिए, मैं बता देता हूं । एक चीज मैं साफ कहना चाहता हूं कि इस चीज पर हम बहुत सारी बातें आपको बता सकते हैं, मगर आरोप प्रत्यारोप के लिए हम तैयार नहीं हैं . . . (**व्यवधान**)

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल : विद ड्यू रिस्पैक्ट, हम कोई टकराव की बात नहीं कर रहे हैं । मुंह से जुबान खोलना भी क्या आप बुरा समझते हैं . . . (**व्यवधान**) जुबान खोलना भी बुरा समझते हैं । आप यह चाहते हैं कि हम जुबान ही न खोलें ।

شری محمد افضل عرف م۔ افضل :
وِد ڈو رسپیکٹ ۔ ہم کوئی ٹکراؤ کی بات
نہیں کر رہے ہیں ۔ منہ سے زبان کھولنا
بھی کیا آپ بُرا سمجھتے ہیں ۔ ۔ مداخلت ۔ ۔
زبان کھولنا بھی بُرا سمجھتے ہیں آپ یہ
چاہتے ہیں کہ ہم زبان ہی نہ کھولیں ۔

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H HANUMANTHAPPA): Mr. Afza why do ignore the Chair?

SHRI MOHAMMED AFZAL *ali* MEEM AFZAL: Sorry, Sir.

श्री सीताराम केसरी : एक बात और तो हमने यह आपसे कहा कि विलम्ब हमारी तरफ से नहीं हुआ है । अब आपको मैं बताना चाहता हूं कि जब हम लोगों ने रिमाइडर दिया, टेलीफोन करने के बाद और उनकी बात करीबन फरवरी के बाद हमें प्राप्त हुई, उसके बाद चीफ मिनिस्टर लोगों की कांफ्रेंस 10 अगस्त, 1992 को हुई और उसका आधार हम बता देना चाहते हैं-इकनामिक क्राइटेरिया पर दो स्टेट्स को छोड़कर सभी स्टेट्स इकनामिक क्राइटेरिया के पक्ष में थे । यह आपकी सूचनार्थ हम बता देना चाहते हैं ।

एक माननीय सदस्य : कौन सी स्टेट्स थी ?

श्री सीताराम केसरी : तमिलनाडु और बिहार । (**व्यवधान**)

जहां तक सूची तैयार करने की बात है, इस संबंध में भी हम कह देना चाहते हैं कि सुप्रीम कार्ट के निर्णय तक, देखिए

†[ ] Transliteration in Arabic Script.

25-9, नहीं ...(व्यवधान) भूतपूर्व सरकार, श्री वी. पी. सिंह की सरकार ने एक प्रेस नोट दिया और इकनामिक क्राइटेरिया बनाने के लिए एक्सपर्ट कमेटी की बात कही । मगर उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट से हमको परमिशन लेनी होगी । उसके बाद उनकी सरकार जब बदल गयी, चन्द्रशेखर जी की सरकार आई तो उनका क्या फैसला हुआ, उन्होंने कहा कि जब तक सुप्रीम कोर्ट की फाइंडिंग नहीं आ जाए, जो उनका माफ है, तो सुप्रीम कोर्ट की फाइंडिंग के बाद ही यह हम लिस्ट तैयार करेंगे और एक एक्सपर्ट कमेटी बनायेंगे । यह आपकी जानकारी के लिए हम बता देना चाहते हैं ।

श्री संघ प्रिय गौतम : यह तो आपके ही द्वारा चलाई जा रही है ... **(व्यवधान)**

श्री सीताराम केसरी : एक बात आपने कही । राम नरेश जी ने और आपने भी, कि सुप्रीम कोर्ट को जल्दी जजमेंट के लिए कह जाए । अगर कानून में प्रावधान है, कोई रास्ता उसका हो तो हम 10 बार कहने के लिए तैयार हैं कि शीघ्रातिशीघ्र वे जजमेंट अपना दें जिससे कि उसके बाद हम कोई अपना काम कर सकें ।

श्री संघ प्रिय गौतम : आपने तो स्टेटमेंट में कहा कि जजमेंट इज रेडी । केवल आपका इंतजार कर रहे हैं ।

श्री सीताराम केसरी : मैंने कहा कि जजमेंट इज अवेटेड । देखिए, रेडीमेड कैसे कह सकता हूं । मैं कैसे कहा सकता हूं कि सुप्रीम कोर्ट का जजमेंट रेडी है कि नहीं । हम सुप्रीम कोर्ट के जजमेंट की प्रतीक्षा कर रहे हैं ।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : पोलिटिकल पार्टीज की मीटिंग कब बुला रहे हैं ... **(व्यवधान)**

एक माननीय सदस्य : सुप्रीम कोर्ट ने आपसे ब्वेरी की और आपने उनका उत्तर नहीं दिया .. **(व्यवधान)**

श्री सीताराम केसरी : एक बात मैंने कही कि सभी पोलिटिकल पार्टियों के मुख्य मंत्रियों की कांफ्रेंस 10 अगस्त, 1992 को हो चुकी है । अब ज्यों ही मैं बता रहा हूं ...(व्यवधान) चूंकि इकनामिक क्राइटेरिया पर कांस्टीटयूशनलिटी के लिए उसको फैसला देना है तो ज्यों ही उनका फैसला आ जाएगा इमीडिएटली सभी राजनीतिक दलों की मीटिंग करके इसका निर्णय हम ले लेंगे । कोई और प्रश्न ।

श्री शिवचरण सिंह : इकनामिक क्राइटेरिया पर उनका यह फैसला आना है कि इकनामिकली आप कर सकते हैं कि नहीं कर सकते है ?

श्री सीताराम केसरी : करेक्ट ... **(व्यवधान)**

श्री शिव चरण सिंह : जो इशु आपने बनाया है उसकी पूरी जानकारी आपने नहीं दी ।

एक माननीय सदस्य : आप डिले कर रहे हैं ।

श्री शिव चरण सिंह : बार-बार आपको तकाजा करने के बाद भी सुप्रीम कोर्ट को पूरी जानकारी केंद्रीय सरकार ने नहीं दी है ।

श्री सीताराम केसरी : एक बात सुन लीजिए । जब तक सुप्रीम कोर्ट का जजमेंट इस पर नहीं आता है तब तक मैं कोई भी राय नहीं दे सकता हूं ।

श्री शिव चरण सिंह : सुप्रीम कोर्ट की प्रोसीडिंग्स को आप डिले करना चाहते हैं यह मेरा चार्ज है ।

श्री संघ प्रिय गौतम : *यह- है यह गलत है । यह आपका आरोप है ।। उसे कोई नहीं रोक सकता है ।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय *:-शब्द अनपार्लियामेंट्री है ।

*Expunged as ordered by the Chair.

उपसभाध्यक्ष (श्री हेच. हनुमनतप्पा) : वह निकाल दिया जाए ।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : वह वापिस ले लें ।

उपसभाध्यक्ष (श्री हेच. हनुमनतप्पा) : क्या जरूरत है । वह निकाल दिया ।

श्री सीताराम केसरी: I am sorry for that word. असत्य समझिए । नहीं नहीं मैं गलती करूंगा तो कह दूंगा क्योंकि यह जो उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के जजमैंट को रोक रहे हैं इसका मतलब है कि वह सुप्रीम कोर्ट पर आरोप लगा रहे हैं ।

श्री शिव चरण सिंह : "रोकने मैंने नहीं कहा मैंने प्रोसीडिंगज को डिले करने की बात कही है । अगर आप समय पर सूचना दे देंगे तो सुनवाई होगी । अगर समय पर सूचना नहीं देंगे तो सुनवाई नहीं होगी ।

उपसभाध्यक्ष (श्री हेच० हनुमनतप्पा) : शिव चरण सिंह जी यह तरीका नहीं है ।

श्री सीताराम केसरी : सुप्रीम कोर्ट के इंटेंशन पर किसी तरह की चर्चा मैं समझता हूँ उचित नहीं है । अब प्रश्नों का मैंने, जहां तक मैं समझता हूं उत्तर दे दिया है ।

श्री संघ प्रिय गौतम : : एक बात आप बता दीजिए । . . . (**व्यवधान**)

उपसभाध्यक्ष (श्री हेच. हनुमनतप्पा) : नहीं ।

श्री संघ प्रिय गौतम : राजनीतिकर्ष दलों के साथ आप कब तक विचार-विमर्श करेंगे ;?

उपसभाध्यक्ष (श्री हेच हनुमनतप्पा) : जवाब आ गया । आपने नहीं सुना ।

श्री सीताराम केसरी : आपका उत्तर दे दिया कि सुप्रीम कोर्ट का जजमेंट आने के बाद । . . . (**व्यवधान**)

श्री एस. जयपाल रेड्डी : इसका स्पष्टीकरण मैं दूंगा कि अभी पाच साल तक करते रहेंगे ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTAHAPPA): The Hous stand adjourned till 11 a.m. t morrow—

The House then adjourn at forty-eight minutes pa six of the clock till elev of the block on Tuesday, t the 11th August, 1992.